बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**

**दिनांक–04.05.2026 को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही।**

---

सभी मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु निर्धारित उद्व्यय, अद्यतन आवंटन तथा व्यय स्थिति की समीक्षा की गई।

2. सर्वप्रथम दिनांक–13–14 फरवरी 2026 को संपन्न कार्यशाला में प्रतिभाग लेने वाले संबंधित पदाधिकारी द्वारा डैम सुरक्षा एवं प्रबंधन विषय पर प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया। इस क्रम में दिनांक–30 जनवरी 2026 को Devlopment of Aquifer विषय पर संपन्न कार्यशाला में प्रतिभाग लेने वाले संबंधित पदाधिकारी को आगामी बैठक में प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– पूर्णेंदू कुमार, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई, योजजना एवं मोनिटरंग अंचल)**

3. योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2 एवं 3 द्वारा बताया गया कि बंधेज सीमा के अंतर्गत आवंटन निर्गत कर दिया गया है।

सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं द्वारा बताया गया कि संबंधित कोषागारों से मात्र 2 करोड़ तक की राशि के विपत्रों को ही पारित किया जा रहा है। जिसके कारण आवंटित राशि का पूर्ण व्यय नही किया जा सका है। सभी क्षेत्रीय कार्यपालक अभियंताओं को संबंधित कोषागार से संपर्क स्थापित कर 2 करोड़ तक के लंबित विपत्र पारित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया ।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/ अधीक्षण अभियंता,**
**योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

4. भू–अर्जन विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि योजनाओं में भू–अर्जन की प्रगति की समीक्षा संबंधित मोनिटरिंग अंचलों के साथ किया जा रहा है एवं संबंधित जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**(कार्रवाई– भू–अर्जन विशेषज्ञ, जल संसाधन विभाग /**
**अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

5. M-CADWM के कार्यो की निविदा हेतु पूर्व में जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से किये गये पत्राचार के क्रम में पुनः स्मारित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– अधीक्षण अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, पटना)**

6. मुख्य अभियंता, मोतिहारी के परिक्षेत्राधीन तिरहुत नहर में किये जा रहे स्तरीकरण (lining) कार्य में आ रही दरारों (Crack) की समीक्षा के क्रम में अभियंता प्रमुख, सिंचाई द्वारा बताया गया कि तकनीकी निरीक्षण दिनांक–06.05.2026 को निर्धारित की गई है।

**(कार्रवाई– अभियंता प्रमुख, सिंचाई एवं तकनीकी परामर्शी, जल संसाधन विभाग/**
**अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना)**

7. सभी संबंधित मुख्य अभियंता को Pole Shifting हेतु ऊर्जा विभाग के पदाधिकारीयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया ।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/**
**अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

8. विगत सप्ताह में कुल 10 विभिन्न प्रकार के वाद विभाग के विरूद्ध दायर किया गया एवं विगत सप्ताह में कुल 25 विभिन्न प्रकार के वादों में शपथ पत्र/ कारण पृच्छा दायर किया गया है।

वर्तमान सप्ताह में दिनांक-03.01.2026 तक निर्धारित मानकानुसार विभिन्न प्रकार के कुल 66 वादों में प्रतिशपथ-पत्र/ कारण पृच्छा दायर किया जाना लंबित है, जिसमें 27 वाद नयें है, जबकि 15 वाद मुख्यालय स्तर पर लंबित है। इसके अतिरिक्त 24 वाद मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित है।

सभी संबंधित मुख्य अभियंताओं लंबित मामलों में अविलंब प्रतिशपथ/कारणपृच्छा दायर करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई- सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग)**

9. विश्व बैंक से संबंधित BWSIMP परियोजनाओं में Water Governance से संबंधित गत सप्ताह की प्रगति को अगले बैठक में भी प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया। साथ ही Water Governance से संबंधित हर Acitivity के लिए निर्धारित Timeline का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई- संयुक्त निदेशक, बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द, पटना)**

10. कटाव निरोधक कार्य की समीक्षा के क्रम में अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्स्रण द्वारा बाढ़ प्रक्षेत्र अंतर्गत चल रहे सभी कटाव निरोधक कार्यो को निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने का निदेश दिया। साथ ही कटाव निरोधक कार्यो की समीक्षा सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण के साथ सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को अपराह्न 05:00 बजे निर्धारित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई- सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल )**

**अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

07.05.26

**(अनवर जमील)**
**अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन**
**जल संसाधन विभाग, बिहार**

**पत्रांक-1/PMC/योजना/20/2024** 355 **पटना, दिनांक-** 7/05/26

**प्रतिलिपि :- माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।**

07.05.26

**अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन**
**जल संसाधन विभाग, बिहार**

**पत्रांक-1/PMC/योजना/20/2024** 355 **पटना, दिनांक-** 07/05/26

**प्रतिलिपि :- प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।**

07.05.26

**अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन**
**जल संसाधन विभाग, बिहार**

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 355 पटना, दिनांक–07/05/26

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/ सिंचाई सृजन/ बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

07.05.26

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 355 पटना, दिनांक–07/05/26

प्रतिलिपि :– श्री मनोज रमण, तकनीकी परामर्शी/ आलोक कुमार, भू-अर्जन विशेषज्ञ/ विशेष सचिव/ संयुक्त सचिव/ सभी मुख्य अभियंता/ श्री रवीन्द्र कुमार शंकर, नीतिगत मामलों के सलाहकार/श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी/संयुक्त सचिव, अभियंत्रण/संयुक्त सचिव, प्रबंधन/ प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/बाढ़/सिंचाई/ स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, नई दिल्ली/ सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07.05.26

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक– 1/PMC/योजना/20/2024 355 पटना, दिनांक–07/05/26

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों को ई–मेल करने एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07.05.26

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

जल संसाधन विभाग, बिहार